कार्यालय प्राचार्य
(अग्रणी महाविद्यालय जिला एमसीबी)
शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मनेन्द्रगढ़, जिला — एमसीबी (छ.ग.)
College Code – 3703
E-mail – vivekanandcollage1973@gmail.com/vnpgcin@gmail.com
Website – www.vnpgc.in

दिनांक :– 06.01.2026

# सूचना

(समस्त प्राचार्य एवं विद्यार्थी जिला– मनेन्द्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर )

विषय :– रायपुर साहित्य उत्सव के विश्वविद्यालय / महाविद्यालय स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने बावत्।

संदर्भ :– छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक GENCOR-35/91/2026-SECTION (CHE)/2025-26 रायपुर दिनांक 05 / 01 / 2026

विषयान्तर्गत संदर्भित लेख है कि छत्तीसगढ़ शासन, जनसम्पर्क विभाग द्वारा 23, 24 एवं 25 जनवरी, 2026 को तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में साहित्य वातावरण को जागृत करना एवं नई पीढ़ी को साहित्य के साथ जोड़ना भी है। अतः उक्त आदेश के परिपालन में जिले के महाविद्यालयों में अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि कविता एवं कहानी लेखन में रूचि रखने वाले विद्यार्थी दिनांक 08.01.2026 को शासकीय विवेकानन्द स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़ में आयोजित जिला स्तरीय कविता एवं कहानी लेखन प्रतियोगिता में अनिवार्यतः सहभागिता करें। प्रतियोगिता आयोजन संबंधी विस्तृत निर्देश इस सूचना के साथ संलग्न है।

दिनांक :– 08.01.2026

समय :– अपरान्ह 01:00 बजे

स्थान :– महाविद्यालय नैक कक्ष

कार्यक्रम प्रभारी
डॉ. सुशील कुमार तिवारी

प्राचार्य
PRINCIPAL
Govt. Vivekanand P.G. College
Manendragarh, Distt.-M.C.B.(C.G.)

1576

छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग
::मंत्रालय::
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)
--00--

क्रमांक GENCOR-35/91/2026-SECTION(CHE)/ 2025-26 रायपुर, दिनांक 05 /01/2026

प्रति,

1. कुलसचिव
समस्त विश्वविद्यालय,
(उच्च शिक्षा विभाग)
छत्तीसगढ़

2. प्राचार्य,
अग्रणी महाविद्यालय (उच्च शिक्षा विभाग)
समस्त जिला, छत्तीसगढ़

विषय:- रायपुर साहित्य उत्सव के तहत् विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने बाबत् ।

संदर्भ:- 1. छत्तीसगढ़ शासन जनसम्पर्क विभाग मंत्रालय का पत्र क्रमांक GENCOR/14367/2025-PRD नवा रायपुर अटल नगर (संलग्नानुसार) ।
2. इस कार्यालय का पत्र क्रमांक 1160 नवा रायपुर दिनांक 08/12/2025

--00--

विषयांतर्गत संदर्भित लेख है कि छत्तीसगढ़ शासन, जनसम्पर्क विभाग द्वारा 23, 24 एवं 25 जनवरी, 2026 को तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है । आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में साहित्य वातावरण को जागृत करना एवं नई पीढ़ी को साहित्य के साथ जोड़ना भी है । प्रतियोगिता आयोजन संबंधी विस्तृत निर्देश पत्र के साथ संलग्न है । आयोजन के संदर्भ में निम्नवत् कार्यवाही अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें::-

2/ पत्र के संदर्भ में विश्वविद्यालय स्तर पर प्रतियोगिता के आयोजन हेतु कुलसचिव, संबंधित विश्वविद्यालय को नोडल अधिकारी नामांकित जाता है तथा प्राचार्य, अग्रणी महाविद्यालय को जिला नोडल अधिकारी तथा प्राचार्य कार्यालय (अग्रणी महाविद्यालय) को जिला नोडल कार्यालय समन्वय हेतु बनाया जाता है ।

3/ प्राचार्य अग्रणी महाविद्यालय जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों से तथा विश्वविद्यालय स्तरीय नोडल अधिकारी संबंधित संभाग से समन्वय करते हुए जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 08 जनवरी, 2026 को सुनिश्चित करते हुए तथा जिला स्तर पर निर्णायक मंडल का गठन करते हुए उत्कृष्ट रचनाओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल करने हेतु छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर साहित्य उत्सव प्रकोष्ठ, नवा रायपुर अटल नगर को दिनांक 10 जनवरी, 2026 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध करावें । जानकारी संलग्न संदर्भित पत्रानुसार तथा ईमेल **info@raipursahityautsav.org** पर भी अनिवार्य रूप से प्रेषित करें ।

4/ संदर्भित पत्रानुसार विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के हिंदी साहित्य/भाषा विज्ञान/अंग्रेजी विषयों के शिक्षक/व्याख्याता/प्राध्यापक (अनिवार्य रूप से) एवं ऐसे शिक्षक/व्याख्याता/प्राध्यापक जिनकी रूचि साहित्य लिखने अथवा पढ़ने में हो, उनकी सूची (नाम, महाविद्यालय का नाम, पता, मोबाईल नंबर सहित) सूची तैयार कर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के द्वारा छत्तीसगढ़ संवाद रायपुर साहित्य उत्सव प्रकोष्ठ, नवा रायपुर को प्रेषित करें ।

5/ हिंदी साहित्य/भाषा विज्ञान/अंग्रेजी विषयों के शिक्षक, व्याख्याता एवं प्राध्यापक साहित्य के प्रति रूचि रखने वाले शिक्षक एवं विद्यार्थियों को अपने स्तर पर साहित्य उत्सव में शामिल होने की अनुमति प्रदान करते हुए सहभागिता अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करावें ।

अतः उपरोक्तानुसार कहानी एवं कविता प्रतियागिता का आयोजन सुनिश्चित करते हुए आयोजित प्रतियोगिता की जानकारी एवं पालन प्रतिवेदन एवं फोटोग्राफ, पेपर कटिंग इस कार्यालय को प्रेषित करने कष्ट करें ।

संलग्नः- उपरोक्तानुसार ।
**(सचिव, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

हिन्दी विभाग, डॉ तिवारी सर,
N/A
06/01/26

शास. विवेकानंद स्नातकोत्तर महाविद्यालय मनेन्द्रगढ़, एम.सी.बी. (छ.ग.)
आवक क्रं. 459
दि.06/01/26

Digitally signed by
NEETA BAJPAI
Date: 05-01-2026
13:36:27

(डॉ. नीता बाजपेयी)
राज्य एनएसएस अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग

क्रमांक GENCOR-35/91/2026-SECTION(CHE)/ 2025-26 रायपुर, दिनांक 05 /01/2026
प्रतिलिपि:-

1 . सचिव, छ.ग. शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय के निज सचिव को सूचनार्थ ।
2 . सचिव, छ.ग. शासन, जनसम्पर्क विभाग मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नया रायपुर को सूचनार्थ ।
4 . अपर संचालक, उच्च शिक्षा संचालनालय को सूचनार्थ एवं प्रतियोगिता आयोजन एवं सहभागिता के संदर्भ में आवश्यक निर्देश प्रसारित करने के अनुरोध के साथ प्रेषित ।
5. क्षेत्रीय अपर संचालक, समस्त संभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।
6. समस्त कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो युक्त विश्वविद्यालय को सूचनार्थ एवं अपने क्षेत्रांतर्गत इकाईयों में उपरोक्त के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
7. समस्त जिला संगठक, रासेयो, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं प्रतियोगिता आयोजन एवं सहभागिता के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

Digitally signed by
NEETA BAJPAI
Date: 05-01-2026
14:13:51

राज्य एनएसएस अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग

# रायपुर साहित्य उत्सव 2026
# युवा हिंदी कहानी प्रतियोगिता
## प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर, 2025

छत्तीसगढ़ का हिंदी में साहित्यिक लेखन का लंबा इतिहास रहा है। हिंदी की पहली कहानी एक मिट्टी भर टोकरी पंडित माधव राव सप्रे ने पेंड्रारोड में लिखी थी। पीढ़ी-दर-पीढ़ी छत्तीसगढ़ के साहित्यकार अपने सृजन से हिंदी साहित्य में योगदान कर रहे हैं। साहित्य विकास की इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युवा कहानीकारों से कहानियाँ आमंत्रित करते है। यह प्रतियोगिता युवा प्रतिभाओं को सामने लाने और भावी साहित्यकार तैयार करने की दिशा में एक प्रयास है ।

युवा कहानीकार अपनी एक कहानी 30 दिसंबर, 2025 तक जिला स्तरीय नोडल अधिकारी कार्यालय में भेज सकते हैं। इस तिथि के पश्चात् प्रतियोगिता के लिए प्राप्त कहानी पर विचार नहीं होगा।

प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं :-

1. कहानी न्यूनतम 1200 शब्दों की, मौलिक, अप्रकाशित तथा टंकित होनी चाहिए।
2. कहानीकार किसी महाविद्यालय का विद्यार्थी हो एवं उसकी आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। (कृपया महाविद्यालय का परिचय पत्र अथवा प्राचार्य का प्रमाण-पत्र साथ भेजें।)
3. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।
4. पुरस्कारों की घोषणा जनवरी, 2026 में की जाएगी और पुरस्कृत प्रतिभागियों को 23, 24, 25 जनवरी, 2026 को होने वाले रायपुर साहित्य उत्सव में पुरस्कृत किया जाएगा।
5. कृपया कहानी के प्रारंभ में ऊपर की ओर एवं लिफाफे पर "युवा हिंदी कहानी प्रतियोगिता +महाविद्यालय स्तर) के लिए" अवश्य अंकित करें।
6. पुरस्कृत कहानियों का संकलन कर प्रकाशित किया जाएगा जिसका विमोचन रायपुर साहित्य उत्सव के मंच पर किया जाएगा।
7. कहानी लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को निम्नलिखित पुरस्कार दिए जाएँगे -
   प्रत्येक जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कहानियों का राज्य स्तरीय मूल्यांकन कर राज्य स्तरीय पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी।

## पुरस्कार:

**<u>प्रत्येक जिला स्तर पर</u>**

प्रथम पुरस्कार रूपये 5,100
द्वितीय पुरस्कार रूपये 3,100
तृतीय पुरस्कार रूपये 1,500
प्रोत्साहन पुरस्कार रूपये 1,000 प्रत्येक के तीन

**<u>राज्य स्तर पर</u>**

प्रथम पुरस्कार रूपये 21,000
द्वितीय पुरस्कार रूपये 11,000
तृतीय पुरस्कार रूपये 7,000
प्रोत्साहन पुरस्कार रूपये 5,100 प्रत्येक के तीन

**कृपया प्रतियोगिता हेतु कहानी निम्नलिखित पते पर भेजें-**
**जिला स्तरीय नोडल अधिकारी कार्यालय**
**जिला..............................................................**

---00--

# रायपुर साहित्य उत्सव 2026
# युवा हिंदी कविता प्रतियोगिता
## प्रविष्टि भेजने की अंतिम तिथि 30 दिसंबर, 2025

छत्तीसगढ़ का हिंदी में साहित्यिक लेखन का लंबा इतिहास रहा है। रायगढ़ के मुकुट धर पांडेय कविताओं में छायावाद के प्रवर्तक थे। पदुमलाल पुन्नलाल पदुमलाल बख्शी, मुक्तिबोध से लेकर विनोदकुमार शुक्ल तक पीढ़ी-दर-पीढ़ी छत्तीसगढ़ के कवियों अपने सृजन से हिंदी साहित्य में योगदान कर रहे हैं। साहित्य विकास की इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए युवा रचनाकारों से कविताएं आमंत्रित करते है। यह प्रतियोगिता युवा प्रतिभाओं को सामने लाने और भावी साहित्यकार तैयार करने की दिशा में एक प्रयास है।

युवा कवि अपनी एक कविता 30 दिसंबर, 2025 तक जिला स्तरीय नोडल अधिकारी कार्यालय में भेज सकते हैं। इस तिथि के पश्चात् प्रतियोगिता के लिए प्राप्त कहानी पर विचार नहीं होगा।

प्रतियोगिता के नियम एवं शर्तें इस प्रकार हैं :-

1. कविता न्यूनतम 8 छंदों की मौलिक, अप्रकाशित तथा टंकित होनी चाहिए।
2. कवि किसी महाविद्यालय का विद्यार्थी हो एवं उसकी आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। (कृपया महाविद्यालय का परिचय पत्र अथवा प्राचार्य का प्रमाण-पत्र साथ भेजें।)
3. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम और सर्वमान्य होगा।
4. पुरस्कारों की घोषणा जनवरी, 2026 में की जाएगी और पुरस्कृत प्रतिभागियों को 23, 24, 25 जनवरी, 2026 को होने वाले रायपुर साहित्य उत्सव में पुरस्कृत किया जाएगा।
5. कृपया कविता के प्रारंभ में ऊपर की ओर एवं लिफाफे पर "युवा हिंदी कविता लेखन प्रतियोगिता - महाविद्यालय स्तर के लिए" अवश्य अंकित करें।
6. पुरस्कृत कविताओं का संकलन कर प्रकाशित किया जाएगा जिसका विमोचन रायपुर साहित्य उत्सव के मंच पर किया जाएगा।
7. कविता लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को निम्नलिखित पुरस्कार दिए जाएँगे -
   प्रत्येक जिला स्तर पर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कविताओं का राज्य स्तरीय मूल्यांकन कर राज्य स्तरीय पुरस्कारों की घोषणा की जाएगी।

पुरस्कार:

**<u>प्रत्येक जिला स्तर पर</u>**

प्रथम पुरस्कार रूपये 5,100
द्वितीय पुरस्कार रूपये 3,100
तृतीय पुरस्कार रूपये 1,500
प्रोत्साहन पुरस्कार रूपये 1,000 प्रत्येक के तीन

**<u>राज्य स्तर पर</u>**

प्रथम पुरस्कार रूपये 21,000
द्वितीय पुरस्कार रूपये 11,000
तृतीय पुरस्कार रूपये 7,000
प्रोत्साहन पुरस्कार रूपये 5,100 प्रत्येक के तीन

**कृपया प्रतियोगिता हेतु कविता निम्नलिखित पते पर भेजें-**
**जिला स्तरीय नोडल अधिकारी कार्यालय**
**जिला.......................................................**

---00--

छत्तीसगढ़ शासन
जनसम्पर्क विभाग
मंत्रालय
महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर

क्रमांक GENCOR/14367/2025-PRD नवा रायपुर अटल नगर, दिनांक #ApprovedDate#

प्रति,

सचिव
छत्तीसगढ़ शासन,
उच्च शिक्षा विभाग,
मंत्रालय, महानदी भवन,
नवा रायपुर अटल नगर, रायपुर ।

S.N.O.

- 2 JAN 2026

विषयः- रायपुर साहित्य उत्सव के तहत् विश्वविद्यालय/महाविद्यालय स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता आयोजित करने बाबत्।

---00--

विषयातंर्गत लेख है कि छत्तीसगढ़ शासन, जनसम्पर्क विभाग द्वारा **23, 24, 25** जनवरी, **2026** को तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन का उद्देश्य प्रदेश में साहित्य वातावरण को जागृत करना एवं नई पीढ़ी को साहित्य के साथ जोड़ना भी है। रायपुर साहित्य उत्सव के तहत जिला स्तर पर विश्वविद्यालय/महाविद्यालय की सहभागिता सुनिश्चित करने निम्नलिखित कार्य किये जाने है।

आवक / जावक क्रमांक 4029
सचिव (छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग)
दिनांक 02 JAN 2026

**1.** विश्वविद्यालय-महाविद्यालय स्तरीय कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता का आयोजन जिला स्तर पर किया जाना है। जिसकी सूचना प्रदेश के प्रत्येक जिले के विश्वविद्यालय-महाविद्यालय तक प्रेषित की जानी है। तथा प्रतिभागियों की रचनाओं को जिला स्तर नोडल अधिकारी एवं उनका कार्यालय घोषित कर कार्यालय के पते पर प्रेषित करना। (प्रतियोगिता का प्रारूप संलग्न है।)

**2.** जिला स्तर पर आयोजित होने वाली इन दोनों प्रतियोगिताओं की प्रविष्टियां नोडल अधिकारी स्तर पर ही प्राप्त की जाएं एवं जिला स्तर पर गठित निर्णायक मंडल द्वारा उत्कृष्ट रचनाओं का चयन किया जाएगा।

**3.** चयनित रचनाओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल करने हेतु जिला

स्तरीय नोडल अधिकारी के माध्यम से छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर साहित्य उत्सव प्रकोष्ठ, नवा रायपुर अटल नगर को उपलब्ध कराया जाना है।

4. राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित रचनाऐं ई-मेल **info@raipursahityautsav.org** पर भी भेजे जा सकते हैं।

5. उक्त दोनों प्रतियोगिताऐं जिला स्तर पर **31 दिसंबर, 2025** तक पूर्ण की जानी है।

6. प्रत्येक विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के हिंदी साहित्य/भाषा विज्ञान/अंग्रेजी विषयों के शिक्षक/व्याख्याता/प्राध्यापक (अनिवार्य रूप से) एवं ऐसे शिक्षक/व्याख्याता/प्राध्यापक जिनकी रुचि साहित्य लिखने अथवा पढ़ने में हो, उनकी सूची (नाम, महाविद्यालय का नाम, पता, मोबाइल नंबर सहित) तैयार कर जिला स्तरीय नोडल अधिकारी के माध्यम से छत्तीसगढ़ संवाद, रायपुर साहित्य उत्सव प्रकोष्ठ, नवा रायपुर अटल नगर को उपलब्ध कराया जाना है।

7. हिंदी साहित्य/भाषा विज्ञान/अंग्रेजी विषयों के शिक्षक, व्याख्याता एवं प्राध्यापक साहित्य के प्रति रुचि रखने वाले शिक्षक एवं विद्यार्थियों को अपने स्तर पर साहित्य उत्सव में शामिल होने की विभागीय अनुमति भी दी जानी है। (यह नाम प्रेषित सूची में शामिल हों)

कृपया रायपुर साहित्य उत्सव को सफल बनाने के लिए उपरोक्तानुसार जिला स्तरीय कहानी प्रतियोगिता और कविता प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु आवश्यक सहयोग प्रदान करते हुए जिला स्तर पर निर्देशित करने का कष्ट करेंगे।

(डॉ. रोहित यादव)
सचिव
छत्तीसगढ़ शासन
जनसम्पर्क विभाग

छत्तीसगढ़ शासन
उच्च शिक्षा विभाग
::मंत्रालय::
**महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर, जिला–रायपुर (छ.ग.)**
—00—

क्रमांक 1160/उ.शि/रा.से.यो./2025 — नवा रायपुर, दिनांक 08/12/2025

प्रति,

1. **कुलसचिव**
संबंधित विश्वविद्यालय,
(उच्च शिक्षा विभाग)
छत्तीसगढ़

2. **प्राचार्य,**
संबंधित शासकीय एवं अशासकीय
महाविद्यालय (उच्च शिक्षा विभाग)
छत्तीसगढ़

विषयः– **रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत नवा रायपुर में "रायपुर साहित्य महोत्सव" आयोजन के संबंध में ।**
संदर्भः– छत्तीसगढ़ शासन जनसंपर्क विभाग मंत्रालय, महानदी भवन नवा रायपुर का पत्र कमांक VIGI-29025/231/2025/-PRD नवा रायपुर, अटल नगर दिनांक 04/12/2025.

—00—

विषयांतर्गत संदर्भित निर्देशानुसार लेख है कि रजत जयंती महोत्सव के तहत नवा रायपुर में **"रायपुर साहित्य महोत्सव"** का आयोजन सुनिश्चित होना है । महोत्सव के सफल संचालन हेतु आवश्यक व्यवस्थाओं, कार्य–योजना एवं विभागीय दायित्वों के संदर्भ में मुख्य सचिव महोदय, छत्तीसगढ़ शासन की अध्यक्षता में दिनांक 05.12.2025 को आवश्यक बैठक समपन्न हुयी ।

विभागवार दायित्व के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा निम्नवत् कार्यवाही सुनिश्चित होनी है:–

1. राज्य के सभी महाविद्यलायों को साहित्य महोत्सव की जानकारी प्रेषित की जानी है अतः विश्वविद्यालय क्षेत्रांतर्गत इकाइयों में दायित्व अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए व्यापक प्रचार–प्रसार सुशिचित किया जावें ।
2. साहित्य लेखन में रूचि रखने वाले विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सूची तैयार करना एवं उपलब्ध कराना ।
3. प्रत्येक जिले में ऐसे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों का 50–100 प्रतिभागियों का सम्मेलन आयोजित कर उन्हें महोत्सव में शामिल होने हेतु प्रोत्साहित किया जा सकता है ।
4. पात्र विद्यार्थियों/शिक्षकों का ऑनलाइन पंजीयन सुनिश्चित कराना ।

आयोजन संबंधी जानकारी यथा तिथि एवं स्थान तथा पंजीयन जानकारी पश्चात् में प्रेषित की जावेगी । अतः उपरोक्तानुसार रायपुर साहित्य महोत्सव के आयोजन के संदर्भ में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए पालन प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

**संलग्न :– उपरोक्तानुसार ।**
**(सचिव, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित)**

(हस्ताक्षर) 8/12/25
(डॉ. नीता बाजपेयी)
राज्य एनएसएस अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग

क्रमांक 1161/उ.शि/रा.से.यो./2025 — नवा रायपुर, दिनांक 08/12/2025

प्रतिलिपि :–

1. सचिव, छ.ग. शासन उच्च शिक्षा विभाग के निज सचिव, मंत्रालय, महानदी भवन को सूचनार्थ प्रेषित ।
2. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन को सूचनार्थ प्रेषित ।
3. अवर सचिव, छ.ग. शासन, जनसंपर्क विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर को सूचनार्थ प्रेषित ।
4. क्षेत्रीय अपर संचालक, उच्च शिक्षा विभाग, समस्त संभाग, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही के अनुरोध के साथ प्रेषित ।
5. समस्त कार्यक्रम समन्वयक, रासेयो, रासेयो युक्त विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
6. समस्त जिला संगठक, रासेयो को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

(हस्ताक्षर) 8/12/25
राज्य एनएसएस अधिकारी
छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग